JSS

Shri Manjunatheshwara Central School,

S.NO 175, Near Gangubai Hangal Gurukul, Shivalli Road, Unkal

Hubballi.

MID-TERM PAPER SOLVING 2020-21

HINDI

STD:-5th

PART A –(पठित गद्यांश)

1) निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढकर प्रश्नों के उत्तर लिखे 5

उडीसा पुलिस खास तौर पर हूमर कबूतरों का इस्तेमाल राज्य के कई दुर्गम इलाकों में संदेश पहुँचाने के लिए कर रही है । कानून -व्यवस्था, संकट और अन्य मौकों पर संदेश केलिए ये कबूतर बहुत ही उपयोगी साबित हुए । कबूतरों की संदेश सेवा बहुत सस्ती है और उन पर खास खर्च नहीं आता है । इन कबूतरों का जीवन १५ -२० साल होता है और ८ -१० साल तक वे बहुत अच्छा काम करते है । स्वस्थ कबूतर एक दिन में एक हज़ार किलोमीटर तक का सफ़र कर सक्ता है । यदि कोई महत्वपूर्ण संदेश पहुँचाना हो तो दो कबूतरों को भेजा जाता है ताकि बाज़ के हमले जैसी अनहोनी स्थिति में भी दूसरा कबूतर संदेश पहुँचा दे ।

प्रश्न :-

१) उडीसा पुलिस खास तौर पर कौन सा कबूतर का इस्तेमाल करते है ?

२) कबूतरों का जीवन कितना होता है ?

३) कबूतर कितने साल तक काम करते है ?

४) संदेश पहुचाते समय कबूतरों को किससे खतरा होता है ?

५) ' सरल ' शब्द का विलोम लिखिए ।

2) निम्नलिखित पठित पद्यांश को पढकर प्रश्नों के उत्तर लिखे : 5

तितली रानी तितली रानी
कितनी प्यारी कितनी सयानी !
रंग बिरंगे पंख सजीले !
लाल , गुलाबी , नीले , पीले !
फ़ूल फ़ूल पर जाती हो !

Scanned with CamScanner

गुनगुन - गुनगुन गाती हो !
कली कली पर मंडराती हो !
मीठा मीठा रस पीकर उठ जाती हो ।
अपने कोमल पंख दिखाती ,
सबको उनसे है सहलाती।
तितली रानी तितली रानी
कितनी सुंदर , तितली रानी,
इस बगिया में आना रानी ।
तितली रानी तितली रानी

प्रश्न :-

१) तितली के पंख कैसे सजे है ?

२) तितली कली कली पर मंडराकर क्या करती है ?

३) कवि तितली को कहाँ आने केलिए कह रहे है ?

४) तितली कहाँ गुनगुन गुनगुन करती है ?

५) ' बगिचा ' शब्द से वाक्य बनाइए ।

3) <u>पत्र लेखन</u> :- 5

१) भाई को रक्षा बंधन के अवसर पर पत्र लिखिए ।

4) <u>चित्र वर्णन</u> :- 5

निचे दिए गए चित्र का वर्णन १० वाक्यों में करे ।

Scanned with CamScanner

PART B (HAND WRITING PART)

PART C (व्याकरण भाग)

1) अंकों को अक्षरों में लिखिए :- 4

१) १९ २) ७२ ३) ९२ ४) ५९

2) सही जगह पर विरामचिह्न लगाइए :- 4

१) भारत मेरा देश है
२) जो पेडों को पत्थर मारते है वे उन्हें फ़ल देते है
३) तुम कब आओगे
४) ओह तुम्हरे साथ तो बहुत बुरा हुआ

3) मुहावरों के अर्थ लिखिए :- 4

१) छक्के छुडाना २) सर चढाना ३) अंगूठा दिखाना
४) खरी - खोटी सुनाना

4) रिक्त स्थान पूर्ण करे :- 4

१) भाषा के ______________ रुप है ।
२) संयुक्त व्यंजन __________________ है ।
३) " चार चाँद लगाना " मुहावरे का अर्थ __________ है ।
४) विरामचिह्न ______________________ प्रकार के है ।

5) प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- 4

१) वर्णमाला का अर्थ स्पष्ट करे ।
२) भाषा किसे कहते है ?
३) मुहवरे का अर्थ स्पष्ट करे ।
४) प्रश्नसूचक चिह्न के दो उदाहरण लिखे ।

PART D (वर्तनी भाग)

1) इन जातिवाचक संज्ञा शब्दों के व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द लिखे :- 3

१) धातु २) शहर ३) भोजन

Scanned with CamScanner

2) निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा और क्रिया शब्दों को रेखाकित करो :- 3

१) मेरी दिल्लीवाली मौसी बस कंडक्टर है ।

२) नंदू को बोलने वाली गुडिया चाहिए ।

३) मैं रातवाली गाडी से जम्मू जाऊँगी ।

3) इन वाक्यों को तुम और किस तरह लिख सक्ते हो :- 2

१) चैन से ज़िंदगी चल रही थी ।

२) मैं इसका हल निकाल देती हूँ ।

4) निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए :- 2

१) बुदबुदाना २) भुनभुनाना

PART E (प्रश्नोंत्तर भाग)

1) शब्दार्थ :- 6

१) यज्ञ २) समझदार ३) चाँपाकल ४) बदहवासी

५) चुनौती ६) परिधान

2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :- 8

१) लोनपो गार किस लिए मशहूर थे ?

२) सरहुल के दिन कौन से पेड की पूजा होती है ?

३) " खिलौनेवाला" कविता की कवयित्री का नाम लिखिए ।

४) केशव का पुश्तैनी गाँव कौन सा था ?

५) इला ने कौन सी कक्षा तक पढाई की ?

६) फ़सलों के त्योहार को किन - किन नामों से जाना जाता है ?

७) बादशाह अकबर के बेटों के नाम क्या है ?

८) सौनगवसैन गांपों कहाँ के राजा थे ?

Scanned with CamScanner

३) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर २ -३ वाक्यों में लिखिए :- 12

१) मंत्री ने अपने बेटे को भेडों के साथ शहर में ही क्यों भेजा ?

२) बाहर देखने से समय का अंदाज़ा क्यों नहीं हो पा रहा था ? जिनके पास घडी नही होती वे समय का अनुमान कैसे लगाते है ?

३) अकबर ने जब नक्काशी सीखना चाहा, केशव ने उन्हे संदेह भरी नज़रों से क्यों देखा ?

४) " जहाँ चाह वहाँ राह " पाठ को पढने के बाद तुम्हारे सोच में क्या बदलाव आया ?

५) इला की कशीदाकारी में खास बात क्या थी ?

६) अकसर तुम किस तरह की बातों पर रुठती हो ?

4) HOTS :- 4

1) सिलाई - कढाई से संबंधित सूची बनाओ ।(८ शब्द लिखिए)

****

Scanned with CamScanner